# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी बाप, फलोदी

**पीठासीन अधिकारी :– सुखाराम पिण्डेल (आर.ए.एस.)**

**राजस्व प्रकरण संख्या :– 13 / 2025 जी.सी.एम.एस. नम्बर :– 2025 / 18**

**दायर दिनांक :– 17.01.2025 निर्णय दिनांक :– 25.04.2025**

1. शैतानाराम राव पुत्र जगमालराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी

**–प्रार्थी**

**बनाम**

1. राज्य सरकार जरिये तहसीलदार बाप तहसील बाप जिला फलोदी
2. रोशनी पत्नी हापूराम जाति मेघवाल निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
3. अशोक कुमार पुत्र समेलाराम जाति मेघवाल निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
4. ओमप्रकाश पुत्र बीरबलराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
5. कैलाशी पुत्री हरीकिशन जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
6. गीतादेवी पत्नी रेवन्तराम जाति मेघवाल निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
7. देवकी पत्नी अशोक कुमार जाति मेघवाल निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
8. नखतु मेघवाल पत्नी मगाराम जाति मेघवाल निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
9. नारायणराम पुत्र समेलाराम जाति मेघवाल निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
10. पूनमदेवी पत्नी निम्बाराम जाति मेघवाल निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
11. प्रेमाराम पुत्र समेलाराम जाति मेघवाल निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
12. बुद्धाराम पुत्र हरीकिशन जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
13. भागीरथराम पुत्र जगमालराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
14. मोहनी पुत्री जगमालराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
15. राधा पत्नी पप्पूराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
16. रामनिवास पुत्र पप्पूराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
17. रामेश्वरलाल पुत्र पप्पूराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
18. रामेश्वरी पुत्री हरीकिशन जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
19. शंकरी पत्नी हरीकिशन जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
20. शैतानाराम पुत्र हरीकिशन जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
21. सुआ पत्नी नारायणराम जाति मेघवाल निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
22. सुगनी पत्नी जगमालराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
23. सहीराम पुत्र जगमालराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
24. सहीराम पुत्र लाखाराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
25. सोमराज पुत्र हरीकिशन जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी

**–अप्रार्थीगण**

सहा... कलेक्टर
बाप (फलोदी)

## प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131,136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956

**उपस्थित** :–1. श्री सुभाष विश्नोई अधिवक्ता प्रार्थी

2. श्री जगदीश विश्नोई अधि. अप्रार्थी सं. 3 ता 25

3. पैरोकार सरकार तहसीलदार बाप

### –:: निर्णय ::–

प्रार्थी ने राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131,136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 का इस आशय से पेश किया है कि प्रार्थी एवं अप्रार्थी संख्या 3 ता 25 की संयुक्त खातेदारी अधिकारों की भूमि खसरा नम्बर 108 रकबा 31.9054 हैक्टेयर, तथा अप्रार्थी संख्या 2 की खातेदारी अधिकारों की काश्त भूमि खसरा नम्बर 108/4 रकबा 4.8562 हैक्टेयर सरहद मौजा नेंवा पटवार क्षेत्र कानासर तहसील बाप में स्थित है। जमाबंदी व नक्शा संलग्न पेश है। प्रार्थी एवं अप्रार्थी संख्या 2 ता 25 का उक्त वादग्रस्त भूमि पर संलग्न नजरी नक्शा अनुसार अपना अपना कब्जा काश्त लगातार शांतिपूर्वक तरीके से चला आ रहा है तथा प्रत्येक वर्ष काश्त का प्राकृतिक पैदावार का उपयोग व उपभोग लेते आ रहे है। वर्तमान में पटवारी हल्का ने सरासर गलत तरीके से प्रार्थी को सूचित किये बगैर ही सेग्रीकेशन योजना के तहत प्रार्थी एवं अप्रार्थी संख्या 3 ता 25 की खातेदारी की भूमि की नक्शा ट्रेस में कब्जा काश्त के विपरित की गयी तरमीम को निरस्त करवाने एवं प्रार्थना पत्र के संलग्न नजरी नक्शा अनुसार तरमीम करवाने के अधिकारी है जिसका यह प्रार्थना पत्र पेश है।

प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर सिगेदार की रिपोर्ट ली जाकर दर्ज रजिस्टर किया गया। अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 3 ता 25 की और से अधिवक्ता श्री जगदीश विश्नोई ने वकालतनामा व इकबालिया जवाब पेश किया जो शामिल पत्रावली किया गया। अप्रार्थी संख्या 2 की और से कोई उपस्थित नहीं आये लिहाजा एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गयी। अप्रार्थी संख्या 01 तहसीलदार बाप ने जवाब व मौका रिपोर्ट मय नजरी नक्शा पेश किया जो शामिल पत्रावली किया गया।

बहस अधिवक्ता प्रार्थी एवं अप्रार्थीगण संख्या 3 ता 25 प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131,136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 सुनी गयी। दस्तावेजों का गहराई से अध्ययन किया गया। बहस अधिवक्ता पर मनन किया गया। ग्राम नेंवा पटवार हल्का कानासर तहसील बाप के खसरा नम्बर 108 रकबा 31.9054 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 108/4 रकबा 4.8562 हैक्टेयर भूमि की तरमीम खातेदारों के कब्जा काश्त के भिन्न है। पटवारी हल्का की मौका रिपोर्ट इत्यादि का अवलोकन करने से यह स्पष्ट होता है कि आराजी खसरान् की तरमीम ऑनलाईन नक्शा में कब्जा काश्त के विपरित की गई है जिसे कब्जा काश्त अनुसार दुरूस्त किया जाना उचित है। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दस्तावेजी साक्ष्यों से साबित है।

सहा... कलेक्टर
(फलोदी)

अतः उपर्युक्त विवेचन के आधार पर उपरोक्त वर्णित खसरान् की तरमीम को निरस्त किया जाकर पटवारी हल्का कानासर एवं भू.अ.निरीक्षक की मौका रिपोर्ट के संलग्न नजरी नक्शा अनुसार किया जाना उचित समझते है।

**क्रियात्मक आदेश**

उपर्युक्त विवेचन के आलोक में प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131,136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार योग्य होने के कारण स्वीकार किया जाता है कि ग्राम नेंवा पटवार हल्का कानासर तहसील बाप के खसरा नम्बर 108 रकबा 31.9054 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 108/4 रकबा 4.8562 हैक्टेयर भूमि की वर्तमान ऑनलाईन तरमीम को निरस्त की जाकर पटवारी हल्का शेखासर एवं भू.अ.निरीक्षक की मौका रिपोर्ट के संलग्न नजरी नक्शा अनुसार तरमीम किये जाने के आदेश तहसीलदार बाप को दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 25.04.2025 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

25/4/25

(सुखाराम पिण्डेल, R.A.S.)
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
बाप (फलोदी)

सहायक कलेक्टर
बाप (फलोदी)